आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 23.12.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री-रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। भोपाल में भी बैरागढ़ स्थित चिरायु मेडिकल कॉलेज के सभागार में रोजगार मेले का आयोजन किया गया । केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जगन्नाथ पुरी जाने वाली स्पेशल ट्रेन जबलपुर से आज रात 11:30 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन आएगी और रात 11:45 बजे रवाना होगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा के अनुसार जगन्नाथ पुरी स्पेशल ट्रेन जबलपुर से 300 तीर्थ यात्रियों को लेकर रवाना होगी। तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन की समय सारणी घोषित कर दी गई है। शिर्डी दर्शन के लिए जाने वाले वरिष्ठजनों के लिए ट्रेन फरवरी में रवाना होगी।

ड्रोन कार्यशाला

भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भारत के सर्वेयर जनरल हितेश कुमार मकवाना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिब संजय दुबे और MPSEDC के प्रबंध निदेशक आशीष वशिष्ठ की उपस्थिति में मध्यप्रदेश की 'नई ड्रोन नीति' पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर संजय दुबे ने कहा कि केंद्र की पहल के बाद यह राज्यों का दायित्व है कि वे इसका लाभ उठाएं.

उपराष्ट्रपति - किसान दिवस

राष्ट्रीय किसान दिवस आज मनाया जा रहा है। यह राष्ट्र की प्रगति में किसानों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। चौधरी चरण सिंह के सम्मान में 2001 में किसान दिवस मनाने की शुरुआत हुई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर नई दिल्ली में किसान घाट पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि अगले वर्ष किसान दिवस के आयोजन के 25 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

स्मृति मंधाना-रिकॉर्ड

भारत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने कल शाम वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में 91 रन बनाये और महिला क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने का नया कीर्तिमान हासिल किया। मंधाना के वर्ष 2024 में सभी प्रारूपों में एक हजार छह सौ दो रन हो गए हैं। मंधाना ने यह उपलब्धि सिर्फ 36 मैचों में हासिल की है.

समाचार संक्षेप में...

1. नर्मदापुरम में पेंशनर डे के अवसर पर जिला कार्यकारिणी भारत पेंशनर समाज की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

2. गुना कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

3. आगरमालवा जिले के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही विशेष धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन और अखंड रामायण पारायण का दौर शुरू हो गया है. और

4. शिवपुरी की कोतवाली पुलिस ने 6 युवकों को एक किराए के मकान में ऑनलाइन सट्टा खिलते हुए पकड़ा है।